ई मेल से फिर आई मेट्रो स्टेशन और दो कोर्ट में बम से उड़ाने की धमकी

■ मेल में लिखा कि तीन आईईडी से होंगे धमाके, कोर्ट परिसर खाली कराए

जयपुर। मानसरोवर मेट्रो स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद बम और डॉग स्क्वॉयड मौके पर पहुंचे। इससे पहले शुक्रवार सुबह दो कोर्ट में बम ब्लास्ट की धमकी मिली थी। इनमें एक जयपुर मेट्रो कोर्ट और एक फैमिली कोर्ट है। धमकी भरे ई-मेल के बाद हड़कंप मच गया था।

मेल में शुक्रवार दोपहर दो बजे तक तीन आईईडी से दो कोर्ट में धमाके करने की जानकारी थी। मेल भेजने वाले ने खुद को पूर्व नक्सली बताया था। सुबह मेल मिलने के बाद पूरे परिसर को खाली कराया गया था। मौके पर पहुंचे बम और डॉग स्क्वॉयड ने फैमिली कोर्ट में करीब चार घंटे सर्च किया था। वहीं, जयपुर मेट्रो कोर्ट में करीब एक घंटे तक सर्च करने के बाद परिसर को सेफ बताया था।एंटी टेररिस्ट स्क्वाड की टीम भी ज्योति नगर के फैमिली कोर्ट में जांच के लिए पहुंची। जयपुर मेट्रो कोर्ट (प्रथम) के जज पवन कुमार ने पुलिस कमिश्नर को धमकी भरे ई-मेल की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि ई-मेल 29 मई को सुबह 4.49 बजे मिला था। कोर्ट बंद होने के कारण 30 मई को सुबह करीब 8.15 बजे ई-मेल देखा था। इसी ई-मेल में ज्योति नगर फैमिली कोर्ट में में भी ब्लास्ट की जानकारी थी।मेल में लिखा मैं पूर्व नक्सली हूं। इस हफ्ते से पहले तक कोर्ट आईईडी ऑपरेशन का हिस्सा भी रह चुका हूं। ध्यान से इस ऑपरेशन के बारे में पढ़ लीजिए, जिसे सीपीआई (माऊ) ने सिंगर कोवान नाम दिया है। सिंगर कोवान उर्फ एस शिवदास का इस्तेमाल अगले सप्ताह एडैपडी के.पलानीसामी के खिलाफ होने वाले अभियान के लिए किया जा रहा है। यह अभियान सवुक्कु शंकर के साथ गलत तरीके से किए गए व्यवहार और डीएमके के 2 जी सादिक बाचा की हिरासत में मौत के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए है। हमारे हाई कमांड से क्रिटिकल सिक्योरिटी अलर्ट आया है। कल तीन बम कोर्ट की बिल्डिंग में प्लांट किए गए हैं। वहीं, मेल के सब्जेक्ट में लिखा कि तीन आईईडी फैमिली कोर्ट की बिल्डिंग में रखें हैं। 2 बजे से पहले खाली करवा लें।

गौरतलब है कि इससे पहले 13 मई, 12 मई और 8 मई को सवाई मानसिंह स्टेडियम को उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसमें 13 मई को मिले मेल में बम से उड़ाने की धमकी के साथ ही रेप पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की गई थी। 9 मई को जयपुर मेट्रो को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। जयपुर मेट्रो की मेल आईडी पर ईमेल मिला था। इसमें ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद जयपुर मेट्रो स्टेशन और ट्रेन दोनों को उड़ाने की धमकी दी गई थी। लेकिन जांच में कुछ नहीं मिला था।

पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे जेपी नड्डा : मदन राठौड़

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी की ओर से पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर शनिवार को जयपुर स्थित सेंट्रल लॉन में आयोजन किया जाएगा। राजधानी में होने वाले इस भव्य आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की गरिमायम उपस्थिति रहेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, पूर्व अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ सहित प्रदेश पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल का जाजया लिया और व्यवस्था टोली को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

राठौड़ ने बताया कि धर्मपरायण, कुशल प्रशासक, प्रजावत्सला पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भाजपा की ओर से देशभर में विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल में रानी अहिल्याबाई होल्कर के महासम्मेलन में भाग लेंगे। इसी कड़ी में जयपुर के एंटरटेनमेंट पैराडाइज में आयोजित कार्यक्रम को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा संबोधित करेंगे। इससे पूर्व वे जवाहर सर्किल से एंटरटेनमेंट पैराडाइज तक निकलने वाली तिरंगा यात्रा में सम्मलित होंगे। सम्मेलन में जयपुर संभाग के मंडल अध्यक्ष, भाजपा प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, जन प्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की बहनें उपस्थिति रहेंगी। शुक्रवार को कार्यक्रम निरीक्षण के दौरान पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, डॉ अपूर्वा सिंह, उप महापौर पुनिट कर्णावत, भाजपा नेता रवि नैय्यर सहित कई भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सार-समाचार

प्रकृति संरक्षण के लिये विशेष ग्रीष्मकालीन शिविर

जयपुर। गर्मी की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए सोसायटी फॉर पब्लिक ग्रिवेंस (एसपीजी), इंडिया ने विभिन्न विशेष कार्यक्रमों एवं ग्रीष्मकालीन स्कूल शिविरों का आयोजन किया है। संगठन के अध्यक्ष एवं चेयरमैन प्रो. बी. डी. रावत ने जानकारी दी कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों में प्रकृति, जल और वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। संगठन के सचिव डॉ. गोविंद रावत (एडवोकेट) ने बताया कि इस अभियान के तहत प्रकृति बचाओ और वन्यजीव बचाओ विषय पर आधारित एक विशेष शैक्षिक भ्रमण दिल्ली रोड स्थित नरगढ़ जैविक उद्यान में आयोजित किया गया, जिसमें 750 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी को मातृ-शोक

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री रत्ना कुमारी की माताजी प्रभा कुमारी का 29 मई को स्वर्गवास हो गया। उन्होंने अपने परिवारजनों की उपस्थिति में शांतिपूर्वक अंतिम सांस ली। उनके आकस्मिक निधन से चेनैनी राजपरिवार (रियासत जम्मू-कश्मीर), उनके परिवार और समस्त समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रभा कुमारी के निधन का कारण घर में दुर्भाग्यवश गिरने से सिर में लगी गंभीर चोट थी। पिछले दो सप्ताह से उनका जम्मू के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के सर कर्नल चोपड़ा नर्सिंग होम में उपचार चल रहा था। प्रभा कुमारी अपने स्नेह, निष्ठा और सेवा भावना के लिए जानी जाती थीं। उन्होंने अपने जीवनकाल में न केवल अपने परिवार, बल्कि समाज के लिए भी अमूल्य योगदान दिया। उनका सरल, समर्पित और प्रेमपूर्ण जीवन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। प्रभा कुमारी, भकतगढ़ के स्वर्गीय ठाकुर साहब रणजीत सिंहजी की सुपुत्री थीं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जयपुर के प्रतिष्ठित महारानी गायत्री देवी (एमजीडी) विद्यालय से सीनियर कैम्ब्रिज के रूप में पूर्ण की, जो उनके परिवार द्वारा शिक्षा और परंपरा को दिए गए उच्च महत्व को दर्शाता है।

ड्रग्स लेकर आए युवक को पकड़ा

जयपुर। जयपुर एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को ड्रग्स के साथ पकड़ा है। जहां गिरफ्तार हुए युवक से कस्टम विभाग सहित अन्य एजेंसियां पूछताछ कर रही है। कस्टम विभाग ने इस कार्रवाई को शुक्रवार को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि युवक महंगी ड्रग्स को पेट में छिपाकर लाया था। इसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। यह ड्रग्स कहां और किसे देने के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है।

बदमाश अवैध हथियार सहित पकड़ा

जयपुर। रामगंज थाना ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को पकड़ा है और उसके पास से एक देसी पिस्टल बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत रामगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 वर्षीय शाहिद शेरानी निवासी ट्रांसपोर्ट जयपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देसी पिस्टल जब्त की है। पुलिस आरोपित से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

रमेश शर्मा बने पहले डीजीसीए प्रमाणित रिमोट पायलट इंस्ट्रक्टर

जयपुर। इंटेलिजेंस ट्रेनिंग अकादमी (आईटीए), जयपुर में पदस्थापित रमेश शर्मा ने नागर विमानन महानिदेशालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित रिमोट पायलट इंस्ट्रक्टर कोर्स सफलता हासिल की है। इस सफलता के साथ शर्मा राजस्थान पुलिस के प्रथम ड्रोन इंस्ट्रक्टर बन गए हैं। पुलिस महानिदेशक इंटेलीजेंस संजय अग्रवाल के निर्देशों के तहत यह पहल की गई थी। राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ती ड्रोन गतिविधियों को देखते हुए आईटीए जयपुर में एक ड्रोन रिसर्च सेंटर और ड्रोन फोरेंसिक लैब स्थापित करने का उद्देश्य है। इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आईटी सेल के प्रभारी रमेश शर्मा को इस विशिष्ट रिमोट पायलट इंस्ट्रक्टर कोर्स के लिए भेजा गया था। डीजीसीए द्वारा आयोजित इस परीक्षा का परिणाम मात्र 22 प्रतिशत रहा है, जो उनकी उपलब्धि को और भी खास बनाता है। यह दिखाता है कि उन्होंने कितनी कुशलता और ज्ञान के साथ यह कोर्स पूरा किया है.

दिया कुमारी ने शिविर में की शिरकत

जयपुर। संस्कृति सोशल क्लब वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह महात्मा गांधी स्कूल, विद्याधर नगर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने शिविर में भाग लेने वाले बच्चों और युवाओं की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

पानी की मोटर चोरी करने वाले शातिर वाले चोर सहित कबाडी गिरफ्तार

मालवीय नगर थाना पुलिस ने घरों से पानी की मोटर चोरी करने वाले शातिर चोर सहित कबाडी को गिरफ्तार किया है।

जयपुर। मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घरों से पानी की मोटर चोरी करने वाले शातिर चोर सहित कबाडी को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चोरी की चार पानी की मोटर भी जब्त की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घरों से पानी की मोटर चोरी करने वाले 19 वर्षीय अजय दिवाकर और 20 वर्षीय कुन्दन जाटव को गिरफ्तार किया है और दोनों ही आरोपित मालवीय नगर इलाके के रहने वाले है। जिनके पास से चुराई गई चार पानी की मोटर जब्त की गई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित अजय दिवाकर सुबह अंधेरे में घरों में रेकी कर घुसता है और फिर पानी की मोटर चोरी कर ले जाता है। इसके बाद चुराई गई मोटर कबाडी कुन्दन को बेच देता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

दिया कुमारी ने आईआईडीसी 2025 का उद्घाटन किया

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शुक्रवार को इंडिया इंटरनेशनल डिज़ाइन कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन किया। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिज़ाइनर्स, जयपुर चैप्टर द्वारा आरआईसी, झालाना में आयोजित किया जा रहा है।

उद्घाटन के बाद उपमुख्यमंत्री ने डिज़ाइन इंस्टॉलेशन, क्राफ्ट प्रदर्शनी और कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने युवाओं की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा : "राजस्थान की कलात्मक परंपरा और डिज़ाइन क्षमता को ऐसे मंचों के माध्यम से देश-दुनिया तक पहुँचाना अत्यंत सराहनीय प्रयास है। डिज़ाइन एक ऐसा माध्यम है जो परंपरा को नवाचार से जोड़ता है।" आईआईडीसी 2025 का उद्देश्य जयपुर और राजस्थान की समृद्ध डिज़ाइन परंपरा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना है। इसमें पैनल चर्चा, वर्कशॉप्स, शिल्प प्रदर्शनियां और प्रमुख वक्ताओं के सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन डिज़ाइन, नवाचार और परंपरा का संगम है, जो युवा प्रतिभाओं को प्रेरणा देने के साथ-साथ राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करता है।

मकान पर घुसे चोर ने की फायरिंग, कंधे पर लगी गोली

जयपुर। करधनी थाना इलाके में गुरुवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि एक मकान में घुसे चोर को युवक ने देख लिया। इस पर युवक ने चोर का पीछा करना शुरू कर दिया तो चोर ने पकड़े जाने के डर से युवक पर फायरिंग कर दी। गोली युवक के बाएं बाजू पर लगी। युवक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

■ घायल व्यक्ति करता है कैटरिंग का काम, काम से देर रात लौटा तो उसे मकान की छत पर नजर आया चोर

पुलिस के अनुसार लालचंदपुरा जेडीए कॉलोनी निवासी 47 वर्षीय भगवंत सिंह केटरिंग का काम करता है। गुरुवार को वह कैटरिंग का काम कर देर रात घर लौटा था। घर लौटने पर उसे पडोसी के मकान की छत पर चोर नजर आया। यह देखकर वह पडोसी के मकान के नजदीक आ गया। युवक को आता देखकर चोर भागने लगा तो उसने पीछा किया। पकड़े जाने के डर से चोर ने भगवत सिंह पर फायरिंग कर दी। गोली भगवंत सिंह के बाएं बाजू को छूकर निकल गई। इससे भगवंत सिंह घायल हो गया। गोली की आवाज सुनकर स्थानीय लोग जाग गए। तब तक चोर अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला। थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन के दौरान सीसीटीवी फुटेज मिला है। इसमें पीड़ित चोर का पीछा करता नजर आ रहा है। घटना रात करीब दो बजे की है। व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश की जा रही है। जल्द ही चोर को पकड़ लिया जाएगा। भगवंत सिंह कैटरिंग का काम करता है। गोली उसके हाथ के बाजू को छू कर निकल गई।

एटक की जनरल कॉन्सिल की मीटिंग में स्थानीय व राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा

जयपुर। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कॉंग्रेस की जनरल कॉन्सिल की मीटिंग के दूसरे दिन राज्यों की समस्याओं पर चर्चा के साथ ही अनेक प्रस्ताव पारित किए गए। प्रस्तावों में बिजली क्षेत्र के निजीकरण के विरोध में प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में कहा गया बिजली उत्पादन क्षेत्र को ठेके पर दिया जा रहा है।हल ही गौतम अड़ानी को बिना किसी नियम क़ायदे के 21 हज़ार करोड़ रुपये का ठेका दे दिया गया। सरकार की इस नीति से उपभोक्ताओं पर महंगाई की मार पड़ेगी। साथ ही सरकारी क्षेत्र को भी नुक़सान पहुँचेगा। प्रस्तावों में अंशदायी राष्ट्रीय पेंशन योजना और एकीकृत पेंशन को रद्द कर अंशदायी पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, स्वास्थ्य सेवाओं को मौलिक अधिकार घोषित करने, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर जीडीपी का 3 प्रतिशत बजट करने तथा बढ़ती महंगाई के खिलाफ न्यूनतम मज़दूरी को मौलिक अधिकार घोषित करने करने और 26 हज़ार करने सम्बन्धी प्रस्ताव पारित किए गए। इन प्रस्तावों के अलावा फ़िलिस्तीन में गाजा पट्टी पर बिना शर्त युद्ध बंद करने और 1967 की सीमा को स्वीकार करने की माँग की गई।प्रस्ताव में कहा कि एटक ने भारत सरकार से माँग की है कि भारत के भवन निर्माण मज़दूरों और अन्य श्रमिकों को इस्त्राइल भेजना बंद किया जाए।इस सम्बन्ध में एटक का एक प्रतिनिधिमंडल भारत के विदेशी मामलात के मंत्री व इस्त्राइल के दूतावास से भी मिलेगा।

मजदूर यूनियन एटक की शुक्रवार को जनरल कॉन्सिल की मीटिंग हुई।

तीन महिलाओं ने पार किया सवा दो लाख रुपए का गोल्ड पेंडेंट सेट

जयपुर। गांधी नगर थाना इलाके में एक व्यक्ति के बैग से तीन महिलाओं ने सवा दो लाख रुपए का गोल्ड पेंडेंट सेट पार कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है।

पुलिस के अनुसार कृष्णा मार्ग बापू नगर निवासी मानसिंह गुर्जर ने मामला दर्ज करवाया कि वह जौहरी बाजार गया था। वह ई रिक्शा में सवार होकर लौट रहा था। महाराजा कॉलेज के पास तीन महिलाएं ई रिक्शा में सवार हो गई। महिलाओं ने उसके बैग की चेन खोलकर उसमें से एक गोल्ड पेंडेंट सेट पार कर लिया। जिसकी कीमत करीब 2 लाख 32 हजार रुपए है। महिला रास्ते में उतर गई। घटना का पता उसे आवास पर पहुंच कर सामान संभालने पर लगा। इस पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जयपुर में धाकड़ छात्रावास की मांग फिर हुई बुलंद

जयपुर। श्री धाकड़ समाज समिति जयपुर की ओर से शुक्रवार को मालवीय नगर स्थित त्रिमूर्ति आर्टमेंट में विशेष परिचय व संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला स्तरीय पदाधिकारी में शामिल हुए। वहीं, श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व संसदीय सचिव नरेंद्र नागर का समिति की ओर से स्वागत किया गया। नागर ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पद लेना महत्वपूर्ण नहीं, इसे एक जिम्मेदारी समझे, इसे पूरी निष्ठा से निभाएं। नागर ने समाज को एक सूत्र में बांधने का मंत्र देते हुए कहा कि संगठित रहेंगे तो एक रहेंगे, और एक रहेंगे तो आगे बढ़ेंगे। इस कार्यक्रम का नेतृत्व समिति अध्यक्ष व श्री धाकड़ महासभा राजस्थान के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट महेश धाकड़ ने किया। बैठक में शिक्षा, संगठन विस्तार, राजनीतिक भागीदारी और सामाजिक सामंजस्य जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई। गर्मी के बावजूद माहौल जोशपूर्ण रहा और बीच-बीच में हल्के-फुल्के संवादों से वातावरण जीवंत बना रहा।

इस अवसर पर श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र नागर, राष्ट्रीय महामंत्री गोविंद सिंह धाकड़, महिला संघ की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रतिभा धाकड़, नगर निगम उपायुक्त ममता नागर, युवा विंग के राष्ट्रीय प्रवक्ता विक्रम सिंह धाकड़, रामप्रसाद धाकड़, युवा संघ इकाई जयपुर जिलाध्यक्ष पवन धाकड़, सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहें।

पान मसाला विनिर्माताओं को सप्लाई के लिए जा रही सुपारी के 4 ट्रक जब्त

जयपुर। राज्य कर विभाग की प्रवर्तन शाखा ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पान मसाला निर्माण में उपयोग होने वाली सुपारी से लदे चार ट्रक जब्त किए हैं, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 5 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह कार्रवाई मुख्य आयुक्त कुमारपाल गौतम के निर्देशन में की गई।

ये ट्रक तेलंगाना और कर्नाटक जैसे दक्षिणी राज्यों से अवैध रूप से राजस्थान लाए जा रहे थे। सुपारी को बिना ई-वे बिल के और फर्जी फर्मों के नाम पर ट्रांसपोर्ट किया जा रहा था। यह माल राजस्थान में स्थित पान मसाला विनिर्माण इकाइयों को सप्लाई किया जाना था। प्रवर्तन शाखा ने इन ट्रकों को सवाई माधोपुर के पास रोका और जब्त किया। इनमें से एक ट्रक के केबिन से 10 अलग-अलग पंजीकरण नंबर की नंबर प्लेटें बरामद हुई हैं। इनका उपयोग विभिन्न राज्यों में ट्रक की पहचान छुपाने और कर चोरी के उद्देश्य से किया जाता था। वाहनों को फिलहाल मुख्यालय में भौतिक सत्यापन के लिए खड़ा किया गया है।

■ राज्य कर विभाग की बड़ी कार्रवाई : अनुमानित मूल्य 5 करोड़ रुपए

राज्य कर विभाग की प्रवर्तन शाखा ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पान मसाला निर्माण में उपयोग होने वाली सुपारी से लदे चार ट्रक जब्त किए हैं।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले मुख्य आयुक्त कुमारपाल गौतम के निर्देश पर कोटा स्थित एक पान मसाला विनिर्माण इकाई पर हुई छापेमारी में लगभग 1500 करोड़ रुपए की कर चोरी उजागर हुई थी, जिसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

उसी मामले से जुड़े इनपुट के आधार पर यह जानकारी सामने आई थी कि राज्य की पान मसाला कंपनियों द्वारा तेलंगाना और कर्नाटक से फर्जी फर्मों के नाम पर सुपारी मंगवाकर उसे अवैध गोदामों में खाली करवाया जाता है, और फिर आवश्यकता अनुसार निर्माण कार्य में उपयोग किया जाता है।

विभाग अब इस पूरे मामले की विस्तृत जांच करेगा। इसके तहत तेलंगाना और कर्नाटक के अधिकारियों से संपर्क कर यह जानकारी जुटाई जाएगी कि ये वाहन पूर्व में कहां-कहां और कितनी मात्रा में सप्लाई कर चुके हैं। साथ ही, उन ट्रांसपोर्ट कंपनियों की पहचान भी की जाएगी, जो इस अवैध परिवहन कार्य में संलिप्त हैं।

राजस्थान एसजीएसटी की इस कार्रवाई से अंतरराज्यीय संगठित कर चोरी गिरोहों और बड़े व्यापारिक समूहों की मिलीभगत से की जा रही सैकड़ों करोड़ रुपए की कर चोरी के नेटवर्क का भंडाफोड़ संभव है।

छायाकार पुष्पेन्द्र व्यास सहित विधानसभा के दो कर्मी सेवानिवृत्त

जयपुर। विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राज्य सेवा कार्य किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के जीवन की महत्वपूर्ण और अनमोल पूंजी होती है। अपने जीवनकाल का महत्वपूर्ण समय राज्य सेवा के अधिकारी और कर्मचारी सेवाकाल में पूरा कर लेते है। उन्होंने राजस्थान विधान सभा के कर्मचारियों से कहा है कि वे सभी राजस्थान विधान सभा की गरिमा को बनाये रखने वाले कार्य करें।

अध्यक्ष देवनानी शुक्रवार को यहां विधान सभा में विधान सभा के छायाकार पुष्पेन्द्र व्यास और अनुभाग अधिकारी जुगल किशोर जोशी के सेवानिवृत्ति समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों को श्रेष्ठता से करके संस्थान का नाम रोशन करने का प्रयास करना चाहिए। किसी भी संस्था के कर्मी ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे, तो संस्था भी उनके हितों का ध्यान प्राथमिकता से रखेगी। उन्होंने कहा कि विधान सभा में कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारी सौभाग्यशाली होते है। लोकतंत्र के इस मंदिर में काम करने का मौका कुछ लोगों को ही मिल पाता है। लोकतंत्र के इस पवित्र स्थल पर मनोभाव और सकारात्मक दृष्टि से काम करके निष्ठावान होने का परिचय दें।

मदन राठौड़ ने सिंदूर यात्रा में बहनों के जोश और जज्बे को किया सलाम

जयपुर। वाटिका क्षेत्र में गुरुवार को भव्य "सिंदूर तिरंगा यात्रा" निकाली गई। यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शामिल हुए। राठौड़ के साथ पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, सरकार के मंत्री झाबर सिंह खर्रा, बगरू विधायक डॉ. कैलाश वर्मा, स्टेफी चौहान, अपूर्वा सिंह, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधिगण, मौजूद रहे। सभी ने हाथों में तिरंगा लिए देश की अखंडता, सुरक्षा और एकता का संदेश दिया। महिलाओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष के साथ यात्रा निकाली। सिंदूर तिरंगा यात्रा में महिलाओं का उत्साह देखने लायक था। देशभक्ति गीतों और नारों से वातावरण गूंज उठा।वाटिका क्षेत्र में आयोजित इस यात्रा को लेकर स्थानीय जनता में भी उत्साह देखने को मिला।

राठौड़ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने यह दिखा दिया है कि भारत की सेना न केवल अपने नागरिकों की रक्षा में सक्षम है, बल्कि आतंक के अड्डों को नेस्तनाबूद करने में भी पूरी तरह सक्षम है। पहलगाम में हमारी बहनों पर हुए हमले का जिस तरह से जवाब भारतीय सेना ने दिया है, वह गर्व की बात है। इसी गौरव और सम्मान को आगे बढ़ाते हुए बहनों ने सिंदूर तिरंगा यात्रा निकाली है, जो राष्ट्रप्रेम और समर्पण का प्रतीक है। वहीं दूसरी ओर कांगेस के नेता डोटासरा है, जिनका राष्ट्र के प्रति स्वाभिमान अभी जागृत नहीं हुआ। देश के मामले में राष्ट्र प्रथम की भावना सभी के मन में होनी चाहिए। आतंक के खिलाफ भारत की इस जंग में देश एकजुट है और विपक्ष को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा होना चाहिए।

वाटिका में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

■ राष्ट्र के प्रति डोटासरा का अभी जागृत नहीं हुआ स्वाभिमान, इस घड़ी में राष्ट्र के साथ खड़ा होना चाहिए विपक्ष : मदन राठौड़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने आतंकवाद के खिलाफ ऐतिहासिक फैसले लिए हैं।

पहलगाम में हमारी बहनों पर हमले के जवाब में सेना ने न केवल हमलावरों को मार गिराया, बल्कि उनके आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों को भी ध्वस्त कर दिया। इस साहसिक कार्य को सलाम करते हुए देशभर में सिंदूर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह किसी राजनीतिक पार्टी का कार्यक्रम नहीं है, इसमें सभी लोगों को शामिल होना चाहिए।